an>

Title: Need to repair the roads connected to railway stations in Gopalganj Parliamentary constituency in Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में रेलवे स्टेशन के सम्पर्क पथ के जीर्णोद्धार की मांग है। गोपालगंज जिले में जलालपुर, सिपाया, सासामुसा, नरकटिया, थावे जंक्शन, गोपालगंज, मांझा, शेर, सिधवालिया कई रेलवे स्टेशन तथा हाल्ट हैं। यहां अभी भी सम्पर्क पथ की समस्या बनी हुई है। स्टेशनों से गुजरने वाले रेल पथ बहुत ही बुरी एवं जर्जर हालत में हैं। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में कोई भी जीर्णोद्धार का काम नहीं हो पाया है, इस कारण जनता और स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानियां होती हैं। यहां आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं और जानमाल के नुकसान का खतरा बना रहता है। इसे लेकर जनता में काफी आक्रोश होता रहता है। जीर्णोद्धार एवं रेलवे सम्पर्क पथ नहीं बनने से दिनों दिन समस्या बढ़ती जा रही है।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इन समस्याओं का निदान करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।